


# एसआईआर के कार्यक्रम की होगी निगरानी

विशेष संवाददाता

**भोपाल,01 नवम्बर. अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मध्य प्रदेश में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कार्यक्रम की प्रभावी मॉनिटरिंग, समन्वय और समीक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है.**

एआईसीसी के मध्य प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इस समिति में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को शामिल किया गया है ताकि संगठन के विशेष पुनरीक्षण अभियान को अधिक संगठित, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सके.

सज्जन सिंह वर्मा (अध्यक्ष), डॉ. संजय कामले (सदस्य), राजीव सिंह (सदस्य), शैलेन्द्र पटेल (सदस्य), जे.पी. धनोपिया (सदस्य), गोरखी बैरागी (सदस्य), रितेश जैन (सदस्य) और ललित सेन (सदस्य). हरीश चौधरी ने समिति के अध्यक्ष और सभी सदस्यों को निर्देशित किया है .

> आदेश में यह भी कहा गया है कि संगठनात्मक गतिविधियों में गुणवत्ता और गति सुनिश्चित करने के लिए इस विशेष पुनरीक्षण अभियान को गंभीरता से लागू किया जाए. समिति का गठन कांग्रेस संगठन की आंतरिक संरचनाओं को मजबूत करने और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.

# इंदौर, भोपाल, ओंकारेश्वर, पचमढ़ी अब कुछ मिनिट में पहुंचेंगे

- उज्जैन में पीएम श्री हवाई सेवा का शानदार स्वागत
- ढोल-नगाड़ों पर थिरके मंत्री और नेता

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. मध्य प्रदेश के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भोपाल में शुरू की गई पीएम श्री हवाई पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा के तहत शनिवार को उज्जैन की धरती पर जश्न का माहौल रहा. यहां भी भोपाल से चार हेलीकॉप्टर पहुंचे तो रोमांच छा गया.**

एयरपोर्ट बनने से पहले ही महाकाल की नगरी को यह बड़ी सौगात मिली, जिसका उत्साह स्थानीय नेताओं, कार्यकर्ताओं और नागरिकों में साफ दिखाई दिया. कुल मिलाकर उत्सव का माहौल रहा, ढोल-नगाड़ों पर दिग्गज थिरके नजर आए. शनिवार को एक के बाद एक नागझिरी स्थित हेलीपैड पर 4 हेलीकॉप्टर पहुंचे खुशियों का ठिकाना न रहा, नेता कार्यकर्ताओं ने मंच के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की तारीफों में अपने उद्बोधन दिए. भाजपा नेता संजय अग्रवाल और विधायक अनिल जैन कलुवाड़ा से लेकर मंत्री गौतम टेटवाल, निगम सभापति कलावती यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि उज्जैन को विकास के पंख लगा चुके हैं.



संचालन महामंत्री आनंद खींची ने किया.

**अतिथियों का सत्कार**-भोपाल से उज्जैन पहुंचे अतिथियों का स्थानीय नेताओं और अधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया. आने वालों में भोपाल की महापौर मालती राय, अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री कृष्णा गौर, और संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी प्रमुख थे ।साथ ही, बालाजी ग्रुप के एमडी विकास मुंदड़ा और दौलतराम इंजीनियरिंग के पुलकित शर्मा भी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने. उज्जैन में स्वागत करने वालों में प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, विधायक अनिल जैन कालुहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा, महाकाल मंदिर प्रशासन प्रथम कौशिक और निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा शामिल रहे.

> **इन शहरों के लिए मिलेगी कनेक्टिविटी**
>
> यह पीएम श्री हवाई पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा प्रदेश के प्रमुख धार्मिक, वन्यजीव एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों को जोड़ेगी. जिन महत्वपूर्ण गंतव्यों को इस सेवा से जोड़ा गया है, उनमें इंदौर, उज्जैन, ओंकारेश्वर, भोपाल, मंडई, पचमढ़ी, जबलपुर, बांधवगढ़, और कान्हा शामिल हैं. पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए अब कम समय में इन स्थानों तक पहुंचना आसान हो जाएगा.
>
> **20 नवंबर से आम जनता को लाभ**-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्य प्रदेश को 70वें स्थापना दिवस पर यह सौगात दी है. हालांकि शनिवार को इसका औपचारिक शुभारंभ और ट्रायल उड़ानें हुईं, बावजूद आम जनता, श्रद्धालुओं व पर्यटकों के लिए इस योजना का लाभ 20 नवंबर से मिलना शुरू हो जाएगा.

# खस्ताहाल यात्रा मार्ग और जाम की समस्या के बीच शुरू हुई पंचक्रोशी यात्रा

जयप्रकाश पुरोहित

**ओंकारेश्वर. कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष एकादशी ( प्रबोधिनी एकादशी ) से पंचक्रोशी यात्रा शुरू हो चुकी है. यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल यात्रा कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन की उदासीनता के कारण यात्रियों को उबड़-खाबड़ और गड्ढों के बीच यात्रा मार्ग से गुजरना पड़ रहा है. दिन में कई-कई बार लगने वाले जाम की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है.**





एकादशी से ही यहां परंपरागत कार्तिक मेला भी शुरू हो गया है. मेला और पंचक्रोशी यात्रा के दौरान हजारों श्रद्धालु आएंगे-जाएंगे, लेकिन उन्हें खस्ताहाल मार्ग और जाम की समस्या से दो-चार होना पड़ेगा. नगर परिषद ओंकारेश्वर द्वारा आयोजित होने वाले परंपरागत कार्तिक मेले में धीरे-धीरे रौनक आ रही है. दुकानें लगना प्रारंभ हो गई हैं, झूले लग गए हैं. नर्मदा पंचकोशी यात्रा के लिए श्रद्धालु एक दिन पूर्व से ही यहां आना शुरू हो गए थे. देवउठनी ग्यारस 1 नवंबर से प्रारंभ हुआ मेला 6 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा तक चलेगा. कार्तिक मास के दौरान स्नान और दान का विशेष महत्व है. इस दौरान ओंकार पर्वत की परिक्रमा का भी विशेष महत्व माना जाता है इस कारण श्रद्धालु बड़ी संख्या में आते हैं. पंचक्रोशी यात्रा का समापन भी ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के साथ होता है.

# गृह मंत्री से नरेंद्र सिंह तोमर ने की मुलाकात

## प्रदेश की राजनीति में मची खलबली



**ग्वालियर,01 नवम्बर . विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने शानिवार सुबह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की .**

> उनके इस जवाब ने जहां राजनीतिक अटकलों को और ज्यादा हवा दे दी . तोमर और शाह की बातचीत को लेकर पार्टी के अंदर भी कई तरह की चर्चाएं चल रही है . राजनीति जानकारों का कहना कि कुछ लोग इसे सिंधिया-तोमर के बीच चल आ रही सियासी मतभेद से जोड़ रहे हैं, तो कुछ इसे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद और प्रदेश में निगम-मंडलों में होने वाली नियुक्तियों को लेकर देख रहे हैं . हालांकि, आधिकारिक रूप से किसी ने इस मुलाकात पर कुछ नहीं कहा है .

दिल्ली में दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत एकांत जगह पर हुई. जिसके बाद से राजनीतिक हलकों में तरह-तरह की चर्चाएं तेज हो रही है. मिली जानकारी के अनुसार में कहीं इसे पार्टी के अंदरूनी समीकरणों से जोड़ा जा रहा है, तो कहीं भाजपा के आने वाले निर्णयों की तैयारी माना जा रहा है.

# मध्यप्रदेश दिवस पर पटवारी का तीखा हमला

विशेष संवाददाता

**भोपाल,01 नवम्बर. मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है.**



उन्होंने कहा कि यह दिन प्रदेश के गौरव, संस्कृति और विकास की स्मृति का प्रतीक है, लेकिन वर्तमान मोहन सरकार ने इसे भ्रष्टाचार और फिजूलखर्ची से कलंकित कर दिया है.

पटवारी ने आरोप लगाया कि लाड़ली बहना योजना महिला सशक्तिकरण का नहीं, बल्कि बड़े आर्थिक घोटाले का माध्यम बन गई है. उनके अनुसार, मुख्यमंत्री हर महीने हजारों करोड़ रुपये का कर्ज लेकर जनता पर बोझ बढ़ा रहे हैं. इस योजना के नाम पर 90,000 करोड़ रुपये का लोन लिया गया, लेकिन महिलाओं तक केवल 41,000 करोड़ रुपये ही पहुंचे. कांग्रेस ने सवाल उठाया बाकी

- राज्य सरकार पर पीसीसी चीफ ने साधा निशाना
- प्रदेश में योजनाएं बनी घोटालों का माध्यम

49,000 करोड़ रुपये का हिसाब कहां है?

पार्टी ने दावा किया कि सरकार देश-विदेश से कर्ज लेकर जनता को गुमराह कर रही है और यह धन भ्रष्टाचार, फिजूलखर्ची तथा राजनीतिक प्रचार में लुटाया जा रहा है. कांग्रेस ने कहा, मोहन सरकार लाड़ली बहनों के नाम पर लोन लेती है, लेकिन चोरी करती है. इसके साथ ही कांग्रेस ने प्रधानमंत्री की गारंटी को भी छलावा बताते हुए कहा कि किसानों को फसल बीमा और न्यूनतम समर्थन मूल्य में धोखा मिला है, लाड़ली बहनों के साथ विश्वासघात हुआ है और मध्यम वर्ग महंगाई की मार झेल रहा है.

> पार्टी ने कहा कि युवाओं और कर्मचारियों को रोजगार और वेतनवृद्धि के नाम पर सिर्फ झूठे वादे मिले हैं. अंत में कांग्रेस ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि मध्य प्रदेश दिवस के अवसर पर संकल्प लें- भ्रष्टाचार और छल से मुक्त, सच्चे विकास वाला नया मध्य प्रदेश बनाएं.
>
> **जय हिंद!**
> **जय मध्य प्रदेश!**

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष में हुए 62,555 कार्यक्रम

**जबलपुर.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक आयोजित की गई. यहां बताया गया कि संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर देशभर में कुल 62,555 कार्यक्रम संपन्न हुए, जिसमें 32.45 लाख स्वयंसेवक गणवेश में उपस्थित रहे और 25,000 स्थानों पर पथ संचलन हुआ, जिसमें 25.45 लाख स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। ग्रामीण क्षेत्रों के 59,343 मंडलों और नगरीय क्षेत्रों के 44,686 बस्तियों में व्यापक प्रतिनिधित्व रहा। इस अवसर पर तीन प्रमुख वकतव्य जारी किए गए- सिक्ख गुरु तेगबहादुर जी की 350वीं शहादत, जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, और वंदेमातरम् के 150 वर्ष।

# देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं युवा

## थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा

**रीवा, 1 नवम्बर. मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में आयोजित युवा अभिप्रेरणा कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे.**

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि सफलता के शिखर पर पहुंचने के बाद भी व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए. संस्कारवान व्यक्ति के संस्कार उसे निरंतर बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं. उन्होंने युवाओं से कहा कि वे लक्ष्य निर्धारित कर पूरे समर्पण के साथ कार्य करें ताकि देश और प्रदेश का नाम गौरव से लिया जाए. शुक्ल ने कहा कि थल सेना अध्यक्ष का रीवा आगमन पूरे विन्ध्य क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है. टीआरएस परिसर में उनके आगमन से उत्साह और उमंग का वातावरण है. उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में थल सेना अध्यक्ष और नौसेना प्रमुख ने असाधारण नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए देश को गौरवान्वित किया है.



### छात्रों एवं एनसीसी कैडेट्स से किया संवाद

कार्यक्रम में न्यायमूर्ति व्ही .के . सिंह ने कहा कि विन्ध्य की विभूतियों ने अपने कर्म से महानता अर्जित की है . इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य अर्पिता अवस्थी ने थल सेना अध्यक्ष का स्वागत किया . कार्यक्रम का संचालन प्रो . अखिलेश शुक्ल ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ . शिप्रा द्विवेदी ने किया . अंत में थल सेना अध्यक्ष ने छात्रों एवं एनसीसी कैडेट्स से संवाद किया .

# कॉन्ट्रेक्टर से हफ्ता मिल रहा है क्या? : गडकरी

**बैतूल, 01 नवंबर. मध्यप्रदेश के बैतूल-भोपाल हाईवे की बदहाली पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का सब्र टूट गया. खराब सड़कों को देखकर गडकरी की नाराजगी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.**



वीडियो में उन्होंने अधिकारियों पर सीधा निशाना साधते हुए पूछा कि क्या उन्हें कॉन्ट्रेक्टर से हफ्ता मिल रहा है क्या? दरअसल 28 अक्टूबर को औद्योगिक संगठन सीआईआई के एक कार्यक्रम में गडकरी ने बैतूल-भोपाल हाईवे की स्थिति पर सख्त नाराजगी जताई. उन्होंने कहा कि सड़क की खराब हालत के लिए प्रोजेक्ट डायरेक्टर और रीजनल ऑफिसर जिम्मेदार हैं. मंत्री गडकरी बोले, अगर सड़क पर हादसे बढ़ रहे हैं, तो अधिकारियों की परफॉर्मेंस का ऑडिट करो. जो अफसर काम नहीं कर रहे, उनका प्रमोशन रोक दो. अच्छी सड़कें जनता का हक हैं, और काम की गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं चलेगा.

# आलोक ने हायाघाट सीट पर संभाली प्रचार की कमान


**दरभंगा, 01 नवम्बर. बिहार में जैसे जैसे विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है, चुनाव प्रचार जोर पकड़ता जा रहा है. भोपाल सांसद आलोक शर्मा को दरभंगा जिले की हायाघाट सीट पर प्रचार की कमान सौंपी गई है.**

सांसद शर्मा ने शनिवार को हायाघाट पहुंचते ही मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं की बैठकें लेना शुरू कर दिया. विधानसभा क्रमांक 84, हायाघाट सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने डॉ रामचंद्र प्रसाद को पुन: प्रत्याशी बनाया है.



सांसद आलोक शर्मा ने हायाघाट में सिधोली स्थित एनडीए के प्रधान कार्यालय परिसर में प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया. उसके बाद वे हायाघाट दक्षिणी मंडल के ग्राम मझौलिया, बहेरी उत्तरी मंडल के पघारी पहुंचे जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं, ग्रामीणजनों को संबोधित किया और बिहार के समग्र विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी डॉ रामचंद्र प्रसाद को भारी मतों से जिताने की अपील की. सांसद आलोक शर्मा ने दरभंगा में हायाघाट सीट पर चुनाव प्रचार के दौरान कार्यकर्ताओं को चुनावी प्रबंधन के टिप्स दिए. सांसद शर्मा ने कहा कि चुनाव में बूथ पर काम करने वाली टीम का अहम रोल होता है. प्रत्येक कार्यकर्ता को पार्टी के प्रति निष्ठा भाव रखते हुए काम करना होगा.

> सांसद आलोक शर्मा के साथ चुनाव प्रचार के दौरान हायाघाट से भाजपा प्रत्याशी डॉ रामचंद्र प्रसाद, पूर्व विधायक अमरनाथ गामी, जोधपुर (राजस्थान) के भाजपा विधायक अतुल भंसाली, हायाघाट उत्तरी प्रखंड के अध्यक्ष जय गोपाल चौधरी, हायाघाट प्रखंड अध्यक्ष गोविंद कुमार मंडल, लोक जनशक्ति पार्टी हायाघाट प्रखंड के अध्यक्ष अनिल पासवान, बहेरी प्रखंड के अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, विधानसभा प्रभारी पप्पू सिंह, विधानसभा संयोजक हेमचंद सिंह एवं विस्तारक उर्मिल सिंह सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे.



# प्रदेश में कई संभागों में हुई वर्षा, तापमान में गिरावट

- नया पश्चिमी विक्षोभ 3 नवंबर से सक्रिय होगा

**भोपाल, 1 नवंबर. प्रदेश के भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, जबलपुर और सागर संभागों के जिलों में कहीं-कहीं तथा रीवा व शहडोल संभागों के जिलों के कुछ स्थानों पर पिछले 24 घंटों के दौरान वर्षा दर्ज की गई.**

शेष संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क बना रहा. शहडोल संभाग में अधिकतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस तक गिरा, जबकि अन्य संभागों में तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं देखा गया. भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, रीवा, शहडोल और सागर संभागों के जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से 5.6 से 10.2 डिग्री तक कम दर्ज किए गए. वहीं नर्मदापुरम और जबलपुर संभागों में तापमान सामान्य से 3.0 से 3.7 डिग्री तक कम रहा. न्यूनतम तापमान में किसी प्रकार का उल्लेखनीय परिवर्तन नहीं हुआ. भोपाल, इंदौर और चंबल संभागों के जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.8 से 2.8 डिग्री तक अधिक रहा, जबकि उज्जैन, ग्वालियर, रीवा, जबलपुर और सागर संभागों में यह सामान्य से 3.1 से 4.6 डिग्री तक अधिक दर्ज किया गया.

सामूहिक विवाह | उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नवयुगलों को दी शुभकामनाएं, 105 युगल विवाह बंधन में बंधे

# गरीबों के मन से बेटी की शादी की चिंता मिटा दी

**भोपाल 1 नवम्बर. मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शासकीय मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय में 105 युगल विवाह बंधन में बंधे। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सामूहिक विवाह समारोह में नवयुगलों को पुष्पवर्षा करके शुभकामनाएं दी।**



इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देव प्रबोधनी एकादशी के शुभ अवसर पर 105 युगलों का विवाह संपन्न हुआ है। आप सबको देव प्रबोधनी एकादशी और सुखी वैवाहिक जीवन की बधाई है। आज के शुभ दिन एक ही पण्डाल में विवाह और निकाह संपन्न होकर सामाजिक एकता और समरसता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना ने गरीबों के मन से बेटी की शादी की चिंता मिटा दी है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब परिवार की बेटी को कन्यादान योजना से विवाह के साथ 49 हजार रुपए की राशि नई गृहस्थी बसाने के लिए दी जा रही है। घरातियों-बरातियों के स्वागत, बैण्डबाजे, पण्डाल, नाश्ता, भोजन तथा विवाह की अन्य सभी व्यवस्थाएं निःशुल्क की गई हैं। उप मुख्यमंत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर और तमाम गणमान्य व्यक्ति नवयुगलों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दे रहे हैं।

> आज मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस है। यह आप सबके लिए दोहरी खुशी का अवसर है। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष मती नीता कोल ने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। नगर निगम के अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय ने कहा कि रीवा में चारों ओर विकास होने के साथ-साथ गरीबों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। आज 105 बेटियों का धूमधाम से विवाह संपन्न हो रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने नवयुगलों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। कलेक्टर मती प्रतिभा पाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा प्रभारी नगर निगम आयुक्त मेहताब सिंह गुर्जर, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और वर-वधु के परिजन उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष

### मप्र 2047 विजन...

प्रदेश में हुए विशेष प्रयासों से 30 लाख करोड़ रूपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव हुए. इसमें से 8 लाख 44 हजार करोड़ रूपए के निवेश प्रस्तावों को स्वीकृति मिली. इनसे 6 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे. विगत 2 वर्षों में 8 लाख 25 हजार लोगों को रोजगार मिला और 23 हजार 853 करोड़ रूपए से अधिक का निवेश मिला है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में 60 हजार सरकारी पदों पर भर्तियां की जा चुकी हैं. अगले 3 वर्षों में 2 लाख शासकीय नौकरियां उपलब्ध कराई जाएंगी. उड्डयन मंत्री और सीएस ने किया संबोधित : केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव जन सेवा के प्रतीक हैं.

## पेज एक का शेष

वहीं राउ थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौर ने बताया कि मृतकों में 50 वर्षीय रामकली पिता हरिराम अहिरवार निवासी सागर और 48 वर्षीय ज्योति पिता मनोज निवासी द्वारिकापुरी हैं. दोनों महिलाएं रिश्तेदारों के साथ गोडाउन पर आई थीं. डीसीपी जोन-1 कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पूजा का दीया ही आग का कारण बना. थिनर और अन्य ज्वलनशील सामग्री के कारण आग तेजी से फैल गई. फायर ब्रिगेड की चार से अधिक गाड़ियां और एसडीईआरएफ की टीम ने संयुक्त रूप से आग बुझाने का कार्य किया. राउ स्थित खसरा नंबर 47/1/2 एमपी एकेडमी के पिछे बने केमिकल गोदाम की आग बुझाने में 3 लाख लीटर पानी और 500 लीटर फोम लगा.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**